>

Title: Regarding payment of outstanding dues to sugarcane farmers from Riga Sugar Mill, Bihar.

श्री सुनील कुमार पिन्टू (सीतामढ़ी): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे किसानों की समस्या उठाने का मौका दिया है । मैं सीतामढ़ी, सीता जी की प्रकट स्थली से चुन कर आया हूं । वहां हर साल बाढ़ आती है और किसानों की फसल बाढ़ में बर्बाद हो जाती है। सीतामढ़ी में एक मात्र शुगर केन की एक फैक्ट्री, रीगा शुगर मिल है। उस मिल पर सीतामढ़ी के किसानों का 100 करोड़ रुपये से भी ज्यादा बकाया है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से यह कहना चाहता हूं कि वह उसमें इंटरफेयर करे। आज उस मिल ने किसानों को पैसा देने से हाथ खड़ा कर लिया है। आज सीतामढ़ी जिले के किसानों की स्थिति बहुत दयनीय है। वे आर्थिक रूप से टूट चुके हैं, उनकी कमर टूट चुकी है। आज न तो वे अपने बच्चों को पढ़ा सकते हैं और न अपनी बच्चियों की शादी कर सकते हैं। किसानों का लगभग 100 करोड़ रुपया रीगा शुगर मिल के पास बंद पड़े हुआ है, जो रीगा मिल नहीं दे रही है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि किसानों की दयनीय हालत को देखते हुए, रीगा मिल से किसानों का पैसा अविलंब दिलवाने की व्यवस्था की जाए ।

आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती रमा देवी को श्री सुनील कुमार पिन्टू द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।